तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025

14 गायत्री परिवार के आवासीय प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को दिए ...



12 मेन और बोरिया गेट रोड पर भारी वाहनों से ...





## खबर संक्षेप

### भाठागांव बी स्कूल मैदान में समाधान शिविर आज

**बालोद**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंगलवार, 27 मई को नगर पंचायत डौण्डीलोहारा कार्यालय के सामने एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव बी के हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के समाधान शिविर में नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के समस्त वार्डवासियों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुटेरी रंग, रेंगाकठेरा, सिकोसा, लिमोरा, ईरागुड़ा, सरेखा, दनिया, बिरेतरा, माहूद बी, पसौद, मटिया ह, चिचबोड़, हल्दी, बेलौदी, सियनमरा के निवासी समाधान शिविर में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

### आर्थिक गणना के लिए समन्वय समिति गठित

**बालोद**। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन नया रायपुर के निर्देशानुसार जिले में आठवीं आर्थिक गणना के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा जिला स्तरीय समन्वय समिति की अध्यक्ष होंगी। इसी तरह समिति में सदस्य सचिव जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी होंगे। इसी तरह समिति के सदस्य जिला पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, सहायक संचालक ग्रामोद्योग विभाग, जिला श्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी होंगे।

### निजी स्कूलों को भी पुस्तकें प्रदान करें, डीईओ को ज्ञापन

**बालोद**। जिला निजी विद्यालय संगठन बालोद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई है कि शासकीय स्कुलों की भांति निजी स्कूलों को भी संकुल स्तर से ही पाठ्य पुस्तकें प्रदान की जाये तथा सभी कक्षाओं की पुस्तकें 05 जून तक आवंटित कर दी जाये ताकि शिक्षा सत्र के प्रारंभ में ही बच्चों को पुस्तकें वितरीत की जा सके। ज्ञापन सौंपने के पूर्व जिला संगठन की बैठक कला केन्द्र में हुई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी में लिये गये निर्णयों को साझा किया गया, जिसमें मुख्य रूप से आरटीई हेतु दावा निर्धारित समयावधि के पूर्व अनिवार्यतः जमा करने, 05 जून को पर्यावरण दिवस पर जल संरक्षण पर विशेष कार्यशाला रायपुर में उपस्थित होने बाबत चर्चा की गई, इस अवसर पर सभी 05 विकासखण्डों हेतु अध्यक्ष एवं सचिव का मनोनयन किया गया तथा संगठन की मजबूती के लिए अन्य स्कुल संचालको को जोडने हेतु निर्देशित किया गया।
आम तौर पर शिकायत रही है कि निजी विद्यालयो को पुस्तक सरकारी विद्यालयो मे प्रदान करने के प"चात दी जाती रही है एवं निजी विद्यालयो को संकुल या ब्लाक मुख्यालय से पुस्तके नही दी जाती उन्हे डिपो या ज्याईन डायरेक्टर क्षेत्र से पुस्तके लेने कहा जाता है जिससे निजी विद्यालयो को पुस्तक लाने मे अतिरिक्त समय व खर्च लगता है तथा निजी विद्यालय के शेष पेज 13 पर

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर 170 लोगों ने रक्तदान कर बालोद जिले में इतिहास रचा

हरिभूमि न्यूज कुसुमकसा

आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारत देश की सेना पर गर्व महसूस करते भाजपा मंडल कुसुमकसा व सरपंचों के तत्वाधान में 23 मई को विशाल रक्तदान शिविर में 170 रक्त वीरों ने रक्तदान कर बालोद जिला में इतिहास रच दिया।

वही 417 महिला पुरुषो व युवाओं ने ब्लड ग्रुप व शरीर में खून की मात्रा की जांच कराई तो रक्तदान करने में छात्राओं और युवतियों ने भी सहभागिता दर्ज कराई, जिसको देखकर लगा की रक्तदान करने आमजन में जागरूकता आई है। वही डी बी ग्रुप दल्लीराजहरा द्वारा सभी रक्तवीरो को हेलमेट व प्रमाणपत्र देकर सम्मान करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने की सलाह दी, कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, ममता मंडावी अध्यक्ष सरपंच संघ डोंडी,हलधर सिंह गोरे सरपंच अरमुरकसा, यश राणा सरपंच चिपरा , राजकुमारी सरपंच भर्रीटोला 43, कवल सिंह कुलियारा सरपंच गिधाली चित्र सिंह सरपंच भैसबोड ,गौतम सिंह राणा सरपंच रजही के अतिथि में किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पहुंचे विशिष्ट अतिथि स्वाधीन जैन प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शिविर के अंतिम रक्तदाता के रूप में रक्तदान किया । कार्यक्रम का समापन तुलसी राम कौशिक शेष पेज 13 पर

## 417 महिला-पुरुषों व युवाओं के ब्लड ग्रुप व शरीर में खून की मात्रा की जांच की गई



### शिविर में सांसद नाग की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

दोपहर लगभग तीन बजे ग्राम पंचायत भवन कुसुमकसा में आयोजित रक्तदान शिविर में अपना कीमती समय निकालकर कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग ,यशवंत जैन ,चेमन देशमुख जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद ,पवन साहू पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद , पहुंचकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया ,सांसद भोजराज नाग ने रक्तदान कर रहे महेश कुमार डडसेना सहित अन्य का कुशलछेम पूछा और भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा सहित सरपंचों वे के उक्त जनहित के जनसेवा कार्य की शेष पेज 13 पर



## कांग्रेस की संविधान बचाओ न्याय यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर लगाए आरोप

# भ्रष्टाचार उजागर होने पर भाजपा, कांग्रेस पर झूठे मामले बनाने में होशियार : भूपेश





हरिभूमि न्यूज बालोद

न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका के माध्यम से आज संपूर्ण भारत शासन का कामकाज सुचारू रूप से चल रहा है। कभी आपस मे टकराव नही हो पाया क्योकि सारा काम संविधान मे निकित प्रावधानो के अनुसार होता है।

भाजपा नीत दिल्ली की सरकार गरीबो, दलितो, आदिवासियो, महिलाओ को मौलिक अधिकार के माध्यम से सक्षम और प्रखर बनाने वाले संविधान को बदलना चाहता है। क्योकि उनके मूल सिद्धांत वर्तमान संविधान के विपरीत है। कांग्रेस हमेशा से जातिगत जनगणना करने के लिए संघर्शरत रही, भाजपा मुखर होकर जातिगत जनगणना का विरोध करती रही लेकिन जैसे ही चुनाव पास आया राहुल गांधी के दबाव मे और साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग को अपने पक्ष मे करने की लालसा के साथ जातिगत जनगणना कराई जाने की घोशणा की।

**खास बातें**

- राहुल गांधी के दबाव में केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराई जाने की घोषणा की
- भाजपा नेशनल हेराल्ड मामले में झूठी कहानी गढ़ी जा रही है और देश को झूठ परोसा रही



उक्ताशय के उद्गार बालोद जिले मे आयोजित संविधान बचाओ न्याय यात्र को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा।

उन्होने आगे कहा कि जब हम भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करते है तो कांग्रेस नेताओ के उपर झूठे मामलो मे अपराध दर्ज किये जाते है। नेशनल हेराल्ड के मामले मे झूठी कहानी गढ़ी जा रही है और देश को झूठ परोसा जा रहा है, आज भी पहलगांव हमले के आरोपियो को सरकार पकड़ नही पाई है, हमारे देश के जवानो के शौर्य के आगे पाकिस्तान घुटने पर था। अचानक अमेरिका के राष्ट्रपति के कहने पर सीजफायर क्यो कर दिया। जातिगत जनगणना करने की घोशणा तो सरकार ने कर दी है लेकिन कब से लागू करेंगे इस पर अभी भी टाल मटौल कर रहे है। वैसे ही महिला आरक्षण के संबंध मे भी उन्होने संसद शेष पेज 13 पर

### झीरम में कांग्रेस के नेताओं को पूछ-पूछ कर गोली मारी

भूपेश बघेल ने आगे कहा कि झीरम घाटी मे नक्सलियो ने कांग्रेस नेताओ का नाम पूछ पूछ कर गोली मारी थी, पहलगांव मे आंतकवादियो ने धर्म पूछकर गोली मारी पहलगाम मे भी घटना के समय सुरक्षाकर्मी नही थे, झीरमघाटी के समय सुरक्षाकर्मी नही थे। इन दोनो ही घटनाओ मे समानता नजर आती है। इन सारी बातो को देखते हुए संविधान की रक्षा करना हम कांग्रेसियो के साथ साथ आम जनता की भी जिम्मेदारी है। कांग्रेस के साथी जिला के बाद विधानसभा, ब्लाक, गांव गांव तक जाकर संविधान की जानकारी देंगे और उसके रक्षा करने के लिए लोगो को संकल्पित करेंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री का किया स्वागत

संविधान बचाओ रैली व सभा को यज्ञ देव पटेल एवं भारतीय बौद्ध महासभा के उपाध्यक्ष हेमंत पाडे ने संबांधित किया। भूपेश बघेल के बालोद आगमन पर सैकड़ो कांग्रेसियो ने उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया। सभा के अंत मे भूपेश बघेल ने झीरमघाटी शहीदो को पुष्पांजली अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कराया। कार्यक्रम शेष पेज 13 पर

# भाजपा की पहल पर तांदुला पुलिया सड़क की मरम्मत की



हरिभूमि न्यूज:बालोद

जिला मुख्यालय स्थित तांदुला पुलिया सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण राहगिरो को हो रही समस्याओ को देखते हुए भाजपा युवा नेता अभिनव यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन 23 मई को सौंपा



था जिसके 48 घंटे के अंदर तांदुला पुलिया सड़क की मरम्मत कार्य किया गया जिससे राहगिरो को हो रही समस्या से निजात मिला। जिसके बाद अभिनव यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता एवं अनुभविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग उपसंभाग बालोद के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 930 मे बने तांदुला पुलिस सड़क इस कदर जर्जर हो चुका था कि उसके सरिये बाहर निकल आये थे और जगह जगह गढ्ढो बन गए थे जिसके कारण इस मार्ग से आने जाने वाले राहगिरो को आवागमन के समय काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था तथा जिससे सड़क दुर्घटना होने का डर भी बना रहता था। वही इससे पूर्व भी इस मार्ग का मरम्मत किया जा चुका है लेकिन मरम्मत के बाद भी इस मार्ग मे कुछ महिनो के बाद गढ्ढे बन जाते है जिसके कारण बार बार राहगिरो को समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए भाजपा नेता शेष पेज 13 पर

# रविदास समाज की बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज डौंडीलोहारा



संत शिरोमणि रविदास समाज जिला बालोद की बैठक 23 मई को वार्ड क्रमांक 5 रविदास मंदिर डौंडी लोहारा में रखा गया था ।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक संगठन संयोजन बाबत कार्य को बढ़ावा देना तथा समाज में नवीन कार्य योजना तैयार कर सामाजिक हित में कार्य करने हेतु सामाजिक बंधु को एकत्रित कर कार्य रूप में परिणित करना था। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु जिला अध्यक्ष कल्याण भांडेकर ,जिला उपाध्यक्ष सुरेश बर्खे, जिला सचिव लेखराज मालेकर,जिला सहसचिव अर्जुन चौरे ,जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप मालेकर जिला सह मीडिया प्रभारी नैन जगनायक,जिला अंकेक्षक गोपा नंद खरे ,जिला कोषाध्यक्ष दौलत राम , जिला प्रचार प्रसार सहायक कुमार चंद्र चौरे, महेश कुमार जगनायक आदि उपस्थित थे । इस बैठक में जिला स्तरीय समाज का पुनः संयोजन किया गया। जिला संयोजन के नवीन पदाधिकारी में सर्वप्रथम जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम मालेकर ,जिला संरक्षक जयलाल मालेकर,मुख्य सलाहकार नेतराम भांडेकर, मुख्य सलाहकार तिलक राम मालेकर, शेष पेज 13 पर

# सिर्राभाठा में बैगा की हत्या, पांच हिरासत में पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज बालोद

ग्राम सिर्राभाठा मे ग्राम के बैगा की हत्या हो गई, हत्या ग्राम के एक ग्रामीण के घर बैगा गुनिया करने के दौरान हुई। मामला सोमवार की शाम की है। पुलिस जांच चल रही है, लेकिन अटकलो का बाजार गर्म है।

ग्राम सिर्राभांठा मे सोमवार शाम 4:30 बजे लगभग ग्राम के बैगा पुनित ठाकुर की हत्या का समाचार ग्राम मे फैला। मामले की जानकारी हल्दी चौकी तक पहुंची, उसके पहले ही ग्रामीणो का हुजुम घटना स्थल की ओर उमड़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही हल्दी चौकी व



गुण्डरदेही थाना से पुलिस कर्मी घटना स्थल पहुंचे एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारी भी घटना स्थल पर आनन फानन मे पहुंच गए।

घटना स्थल पर पहुंचते ही पुलिस टीम ने लोगो को घटना स्थल से दूर किया एवं घर घेर लिया। आम लोगो का आना जाना प्रतिबंधित किया। पुलिस टीम फारेंसिक टीम ने के आने के बाद जांच प्रारंभ करने की बात कही। जो रात्रि के अंधेरा होने तक नही पहुंच पाई थीं। ग्राम मे व्याप्त चर्चा एवं जानकारी के अनुसार ग्राम के तिहारू निशाद के घर मे सोमवार को सुबह से बैगाओ का आना जाना प्रारंभ हो गया था। ग्राम के बैगा पुनित राम ठाकुर के साथ कमरौद के एक बैगा व कांडे से दो बैगा को भी बुलाया गया था। तिहारू निशाद के घर किस चीज की पूजा चल रही थी यह स्पष्ट नही हो सका है।

तिहारू के घर मे चली पूजा के दौरान कोई संदिग्ध गतिविधि ग्रामीणो ने नही देखी। अचानक 4:30 बजे के बाद ग्राम मे चर्चा फैली की तिहारू निशाद के घर मे ग्राम के बैगा पुनित ठाकुर की हत्या हो गई है। शेष पेज 13 पर

## चूड़ी, फल व बेसन के पकवान चढ़ाया, वट वृक्ष पर रक्षासूत्र लपेटते हुए परिक्रमा की

# अंचल की सुहागनों ने अखंड सौभाग्य के लिए वट-सावित्री की पूजा की व व्रत रखा

हरिभूमि न्यूज अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से अंडा, चिंगरी, कुथरेल, अछोटी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, अंजोरा, रसमड़ा, बोरई गानयारी, जंजगिरी , भानपुरी,खप्परवाडा गुरेदा देवगहन ओडारसकरी मटिया ओटेबंद सिरसिदा परसदा विनायकपुर आमटी मासाभाट निकुम खाड़ा रूदा भोथली तिरगा झोला अन्य क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना कर सुहागन माताओं एवं बहनों ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए वटसावित्री का व्रत रखा। सोमवती अमावस्या की तिथि पर यह व्रत मनाया जाता है। जेट माह के कृष्ण पक्ष की



अमावस्या तिथि पर यह व्रत महिलाओं ने रखा। इसका उद्देश्य अपने सुहाग की रक्षा छत्तीसगढ़ में पूजन परंपरा के अनुसार चुड़ी, फल तथा रक्षासूत्र वृक्ष को बांधा जाता है। सुहागन महिलाएं आज श्रृंगार कर पूजा पाठ करने पहुंची। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर भारी भीड़ देखी गई। घर में भी लोगों ने बरगद का पौधा रखकर पूजा-अर्चना की है।

बरगद एक पेड़ होता है। नका इस व्रत में बहुत महत्व है। कथा के अनुसार इसी पेड़ के नीचे सावित्री ने अपने पति को यमराज से वापस पाया था। सावित्री को देवी का रूप माना जाता है। पुराणों में बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास बताया जाता है। मान्यता के अनुसार ब्रह्मा वृक्ष की जड़ में, विष्णु इसके तने में और शिव उपरी हिस्सा में रहते है। यही वजह है कि यह माना जाता है कि इस पेड़ के नीचे बैठकर पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है।

# सरपंच पुष्पा का कलार समाज ने किया सम्मान



**बालोद**। ग्राम पंचायत कलंगपुर की लगातार तीसरी बार सरपंच बनने पर पुष्पा गोविंद सिन्हा को अभनपुर मे आयोजित प्रदेश स्तरीय कलार सिन्हा समाज के कार्यक्रम मे सम्मान किया है, जहां समाज के अन्य चुने हुए जनप्रतिनिधियो का भी सम्मान किया गया।

उक्त सम्मान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, योग आयोग के अध्यक्ष रुपनारयण सिन्हा व समाज के प्रांत अध्यक्ष युवराज सिन्हा व समाज के अन्य पदाधिकारियो ने दिया है। उक्त सम्मान पुष्पा सिन्हा को गांव की लगातार तीसरी बार सरपंच बनने पर दिया है। इस अवसर पर पुष्पा गोविंद सिन्हा ने कहा कि गांव की एक एक मतदाताओ का धन्यवाद ज्ञापित करती हू, जिन्होंने लगातार मुझे तीसरी बार गांव की विकास के लिए सेवा करने का मौका दिया है साथ ही समाज को भी धन्यवाद ज्ञापित करती हू जिन्होने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम मे बुलाकर मुझे सम्मान दिया है।

# पटना चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन का हुआ विस्तार, एक अगस्त तक चलेगी

## गर्मी में यात्रियों को कंफर्म बर्थ देने के लिए चल रही है यह ट्रेन, दुर्ग स्टेशन भी पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पटना-चर्लपल्ली-पटना के मध्य 18 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन के परिचालन विस्तार किया गया है। यह ट्रेन 28 मई तक यानी तीन दिन और चलनी थी। रेलवे ने इसका विस्तार करते हुए 1 अगस्त तक बढ़ा दिया है। इन स्पेशल ट्रेनों में 2 एसएलआरडी, 6 जनरल, 12 स्लीपर, 2 एसी-थ्री, 2 एसी-टू सहित कुल 24 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### हर सोमवार व बुधवार को है ये ट्रेन

गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्ली द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 28 मई प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चल रही है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई तक प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 30 मई प्रत्येक शुक्रवार को चल रही थी। इस गाड़ी का विस्तार 1 अगस्त तक किया गया है।



### ट्रेन की नई समय सारिणी

गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 28 मई से 30 जुलाई, 2025 तक (22 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को दोपहर 15.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली स्टेशन बिलासपुर में आगमन 07.40 बजे, प्रस्थान 07.45 बजे, रायपुर आगमन 09.43 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 10.10 बजे, प्रस्थान 10.20 बजे, गोंदिया आगमन 12.50 बजे, प्रस्थान 12.55 बजे होते हुये प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को 03.30 बजे चर्लपल्लि स्टेशन पहुंचेगी।

### ये ट्रेन चलेगी बुधवार व गुरुवार

गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई से 01 अगस्त तक प्रत्येक बुधवार को 23.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 11.40 बजे, प्रस्थान 11.45 बजे, दुर्ग आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 14.00 बजे, रायपुर आगमन 14.33 बजे, प्रस्थान 14.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 16.45 बजे, प्रस्थान 16.50 बजे होते हुये प्रत्येक शुक्रवार को 11.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

### शुक्रवार को इस तरह शेडयूल

गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 28 मई से 1 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 21.00 बजे रवाना होगी तथा दूसरे दिन अर्थात प्रत्येक शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाली गोंदिया स्टेशन आगमन 09.40 बजे, प्रस्थान 09.45 बजे, दुर्ग आगमन 11.50 बजे, प्रस्थान 12.00 बजे, रायपुर आगमन 12.33 बजे, प्रस्थान 12.35 बजे, बिलासपुर में आगमन 14.45 बजे, प्रस्थान 14.50 बजे होते हुये प्रत्येक रविवार को 09.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर रूकेगी ट्रेनें

इन गाड़ियों के वाणिज्यिक ठहराव - रास्ते में ये गाडियाँ दोनों दिशाओं में तारेगना, जहानाबाद, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमोह, बोकारो, रांची, हटिया, राऊरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर काघदनगर, बेल्लंपल्ली, पेद्दापल्ली तथा काजीपेट स्टेशनों पर रुकेगी।

## खबर संक्षेप



### यूटिलिटी जोन के बीएसपी कर्मियों को शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के यूटिलिटी ज़ोन के चार कर्मियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (यूटिलिटी) अनिल कुमार जोशी ने की। इस अवसर पर आयोजित समारोह में दिसंबर 2024 के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट (पीएलईएम) शुक्ला प्रसाद खरे, जनवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियर (एसीडब्ल्यूई) मिलिंद कुमार श्यामकुवर, फरवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट (जल प्रबंधन) पियूष यादव एवं मार्च 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट हरतोष कुमार पाण्डेय को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार जोशी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उनके कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे पुरस्कार न केवल कर्मियों के योगदान को मान्यता देते हैं, बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से बीएसपी अधिकारी ए. बनर्जी, एसके बेहरा, एमवी बाबू, पीसी बाग, अरुण शेंडे, मुरली मनोहर पांडेय, मोहम्मद नदीम खान, एच. प्रतिभा सहित अन्य उपस्थित थे। समारोह में पुरस्कार विजेताओं को प्रवीण्ता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कार्मिक के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

### मुरमुंदा में मुख्यमंत्री साय का साहित्यकारों ने किया स्वागत

**भिलाई।** लिमतरा के पास मुरमुंदा भाठा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साहित्यकारों से मुलाकात की। साहित्यकारों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साहित्यकार परदेशीराम वर्मा के नेतृत्व में साहित्यकार मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने मांग रखी कि क्षेत्र में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड नई कॉलोनी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने क्षेत्र के साहित्यकार और कलाकार को भी आमंत्रित किया। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के सबसे सियान विधायक हैं। उन्होंने क्षेत्र के साहित्य कला जगत की ओर से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्वागत हेतु नेवता दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को वर्मा ने अपनी नई पुस्तक और स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## सालभर से बंद पड़े फ्लाईओवर का शुरू हुआ मरम्मत कार्य

# मेन और बोरिया गेट रोड पर भारी वाहनों से अब जल्द मिलेगी मुक्ति

### सेक्टर एक मुर्गा चौक से सेक्टर 4 चौक तक फ्लाईओवर का होना है काम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में जल्द ही ट्रैफिक का दबाव कम होगा। खासकर खुर्सीपार गेट से मेन गेट और बोरिया रोड पर आवागमन सुगम हो जाएगा। एक साल से बंद पड़े सेक्टरी इलाके के एकमात्र सेक्टर एक फ्लाईओवर का अधूरा मरम्मत काम शुरु हो गया। इसके शुरु हो जाने भारी वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। सुबह भारी वाहनों से जाम के हालात नहीं रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सेक्टर एक मुर्गा चौक से सेक्टर 4 चौक तक करीब डेढ़ साल पूर्व निर्मित फ्लाईओवर के बचे रिपेयर के लिए आवागमन बंद कर दिया गया था। इससे खुर्सीपार चौक रोड, मेन गेट व बोरिया गेट उतई रोड पर बीएसपी के भारी वाहनों के चलते टाउनशिप में सुबह आवागमन का लोड बढ़ गया था। वहीं ब्रिज के बंद होने से इसके ऊपर कई तरह की अराजक गतिविधियां भी बढ़ गई थीं। बीएसपी द्वारा सेक्टर 1 चौक से लेकर सेक्टर 3 होते हुए सेक्टर 4 चौक तक इस नए फ्लाईओवर का निर्माण 2011-12 में कराया गया था। इसका उद्देश्य खुर्सीपार गेट व बोरिया गेट से प्लांट आने जाने वाले भारी वाहनों को ऊपर से निकालना था, ताकि सड़क पर ट्रैफिक का लोड कम हो। कुछ साल तक अधूरे पड़े रहने के बाद डेढ़ साल पूर्व इस ब्रिज के निर्माण होने पर आवागमन शुरु हो जाने से राहत भी मिली थी। लेकिन बंद हो जाने ने सुबह खुर्सीपार गेट और मेन गेट रोड के सामने भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही थी।

### दस साल में दो बार हुआ आवागमन बंद

बीएसपी द्वारा एक साल से बंद बड़े इस फ्लाईओवर के बचे हुए मरम्मत कार्य को अब शुरु कर दिया गया। सेक्टर 3 भट्ठी थाना के करीब ब्रिज का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। पूरा मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने से भारी वाहनों के ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल जाएगी। गौरतलब हो कि इस ओवरब्रिज को पिछले दस साल के दौरान दो बार बंद किया जा चुका है। पहले स्लैब का एक हिस्सा ढहने और फिर इसके बाद सालभर पूर्व इंजीनियरों की बचे हिस्से की मरम्मत का मरम्मत कराने के सुझाव पर आवागमन रोका गया।

### वीरान फ्लाईओवर बन गया था मौज का अड्डा

लंबे समय से फ्लाइओवर पर आवागमन बंद हो जाने से यह आवारा लड़के लड़कियों के लिए मौज मस्ती का सुरक्षित अड्डा बन गया था। ब्रिज के दोनों ओर बेरीकेट्स लगे होने से शाम होते ही प्रेमी युगल जोड़े और शराबप्रेमी निश्चिंत होकर अपनी मौज मस्ती में बेसुध रहते हैं। अलग अगल ग्रुपों में आवारा युवक युवतियां गलबहियां और शराबनोशी करते देखे जाते हैं। इस दौरान नशे में नीचे शराब की बोतले फेकने आपस में गालीगलौच झगड़े होने से रहवासी परेशानी हैं। करीब ही भट्ठी थाना स्थित है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अब फ्लाईओवर का मरम्मत कार्य शुरु होने व जल्द पूर्ण हो जाने से आवागमन के साथ असामाजिक तत्वों के जमघट से मुक्ति मिल जाने की उम्मीद है।

## ईडी वर्क्स स्तरीय सेफ्टी क्विज स्पर्धा में कर्मियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- प्लांट स्तरीय सेफ्टी क्विज़ प्रतियोगिता का समापन

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर-एलएंडडी केंद्र में ईडी (वर्क्स) प्लांट स्तरीय सेफ्टी क्विज़ प्रतियोगिता का समापन हुआ। यह प्रतियोगिता संयंत्र में सुरक्षा जागरूकता को कार्यस्थल के हर स्तर तक पहुँचाने हेतु आयोजित की गई, जिसमें संविदा कर्मियों की व्यापक भागीदारी देखी गई। इस प्रतियोगिता की थीम सुरक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी की साझी भागीदारी हो-चाहे वह शीर्ष प्रबंधन हो या शॉप फ्लोर का कर्मचारी थी।

प्रतियोगिता का उद्देश्य संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति को केवल दस्तावेज़ों में सीमित न रखते हुए जमीनी स्तर पर कर्मियों, विशेषकर संविदा श्रमिकों के व्यवहार और सोच में उतारा जाना था। प्रतियोगिता में विजेता के रूप में मेसर्स इनोमोटिक्स (एसएमएस-3) के अक्रश उपाध्याय एवं मनीष को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मेसर्स सरकार एंटरप्राइज़ और मेसर्स धीरज ट्रेडर्स (सीओ एंड सीसीडी) के असीम खान एवं हरिशंकर की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि मेसर्स एसकेएफ (यूआरएम) की टीम- राहुल एवं पंकज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता टीमों सहित सभी ज़ोनल विजेताओं को कार्यपालक निदेशक (संकार्य) श्री राकेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। बीएसपी अधिकारी अवनीश दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 1500 संविदा कर्मियों ने विभागीय स्तर पर भाग लिया। इसके उपरांत चार ज़ोन, स्टील ज़ोन (एसएमएस-2), आयरन ज़ोन (बीएफ-8), मिक्स ज़ोन (पीबीएस), और मिल्स ज़ोन (बीआरएम) में 13 से 16 मई के मध्य ज़ोनल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें 75 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें से चयनित 12 श्रेष्ठ टीमों ने 22 मई को आयोजित प्लांट स्तर के फिनाले में भाग लिया, जिसमें लिखित परीक्षा और दो ऑडियो-विज़ुअल राउंड आयोजित किए गए। इस अवसर पर एक वीडियो भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाएं, ज़ोनल झलकियाँ और अनुभवों को साझा किया गया। इसने कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक आयाम प्रदान किया।

## विहंगम योग सत्संग में जीवन जीने की कला की समझाइश दी




**डौण्डीलोहारा।** ब्रम्ह विद्या विहंगम योग सत्संग कार्यक्रम का आयोजन अनंत श्री सद्गुरू सदाफल देव जी महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय संत समागम का कार्यक्रम वार्ड नं. 15 रामनगर समता कॉलोनी में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री लाल निवेन्द्रसिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डीलोहारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं संतों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत सेवाराम चंदेल उपदेष्टा डौण्डीलोहारा द्वारा किया गया एवं संत श एल. एस. साहू उपदेष्टा, घनश्याम साहू उपदेष्टा, पी. एल. सपहा संभागीय संयोजक भिलाई का स्वागत श्रीमती सीमा साहू, कामेश्वर देहारी मैम, राजेश्वरी पाटिल, शैलेन्द्र कुमार साहू, के. प्रजापति, विष्णु प्रजापति, रामसिंह साहू, दयालूराम पिकेश्वर, हेमन्त सोनकर, सहदेव साहू एवं सभी गुरु भाईयों के द्वारा पुष्प हार से स्वागत किया गया। तत्पश्चात विजय कुमार पौसार्य जी के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। सीमा साहू के द्वारा मानव जीवन के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में विस्तार से समझाया गया। मानव जीवन लक्ष्य है अरू कर्तव्य प्रधान। परमात्मा प्रभू मिलन में अन्य गौण सब ज्ञान। इसी क्रम में श्री कामेश्वर प्रसाद भिलाई के द्वारा जीवन क्या है इनके लक्ष्य क्या है इसके कर्म क्या है को विस्तार से चर्चा किया।

बल छाया प्रभू से मिले, पूर्ण काम सब होय। प्रारंभ प्रभू से करें, गति आध्यात्मिक होय।।

इसी क्रम में एल. एस. साहू के द्वारा ध्यान साधना के संबंध में सुबह शाम 10-10 मिनट करने के लिए प्रेरित किया गया। अंतिम प्रवचन में श्री पी. एल. सपहा संभागीय संयोजक भिलाई के द्वारा संत संग के संबंध में मानव जीवन के तीन सार सेवा, सतसंग और भजन के बारे में बताया गया श्रीमती रैनी देहारी उपदेष्टा के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जो कि भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण था। मुख्य अतिथि के द्वारा सबको सतसंग के महत्व एवं मानव जीवन कल्याण की बात कही गई कार्यक्रम के अंत में श्री सेवाराम चंदेल उपदेष्टा के द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया एवं संचालन श्री सी. के प्रजापति के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। आरती एवं शांति पाठ कर कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा किया गया साथ ही सभी उपस्थित भाईयों एवं बहनों को महाप्रसादी भोजन कराकर एवं मुख्य अतिथियों को श्रीफल एवं वस्त्र प्रदान किया गया।

## पुरानी कार्यकारिणी को 3 साल के लिए दोबारा मौका, राजेंद्र परगनिहा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- लोक सृजन समिति की वार्षिक आमसभा बैठक में लिया गया निर्णय

भिलाई लोक सृजन समिति की वार्षिक सामान्य आमसभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजेंद्र परगनिहा को दोबारा अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले परगनिहा के स्वागत भाषण के बाद महासचिव पीआर वर्मा ने समिति का वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। कोषाध्यक्ष बीपी राजपूत ने समिति के वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसके बाद अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। आगे मई 2025 से 03 वर्षीय अवधि में 2028 तक के लिए नई कार्यकारिणी के गठन हेतु प्रजातांत्रिक तरीके से विधि समझ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव रखा। समिति के निर्वाचन कार्यक्रम हेतु मार्गदर्शन वरिष्ठ कल्याण मंच भिलाई के अध्यक्ष डीपी राय को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं उनके महासचिव राम लखन मिश्रा को उपचुनाव अधिकारी बनाया गया। उन्हें आम-सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से यह निर्णय दिया कि समिति के पूर्व कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी को अगले कार्यकाल 3 वर्ष के लिए पुनः सर्वसम्मति से निर्वाचित करने का निर्णय दिया गया।




### चुनाव अधिकारी ने घोषित किए नई कार्यकारिणी सदस्यों के नाम

बैठक में प्रक्रिया के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिहा, उपाध्यक्ष पीसी शर्मा, महासचिव पीआर वर्मा, संयुक्त सचिव शारदा रामटेक एवं राजेंद्र कुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गजानंद चौधरी, साधना कुलदीप, टीकम लाल वर्मा, रमेश कुमार पाल, शंकर लाल साहू चुने गए। इसको चुनाव अधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए समिति के संचालन पूरी जिम्मेदारी के साथ करने की इच्छा जाहिर की। यह जानकारी महासचिव पीआर वर्मा ने दी।

## भिलाई नगर विधायक के सेक्टर-5 कार्यालय में लोगों ने की मुलाकात

# शहर में पेयजल संकट, जगह-जगह बारिश के कारण जल भराव के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के रहवासियों समस्याओं को लेकर विधायक देवेंद्र यादव से उनके सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में मिले। इस दौरान पेयजल संकट, बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की वजह से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।

नागरिकों ने प्रमुख रूप से जल आपूर्ति की अनियमितता, क्षतिग्रस्त सड़कों, जलजमाव, कचरा प्रबंधन, ड्रेनेज की सफाई, स्ट्रीट लाइट्स की खराबी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को उजागर किया। विधायक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना मेरी जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि भिलाई शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं और जल्द ही उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्षदगण और खुर्सी पार की जनता ने सीवरेज की समस्या के बारे में विधायक को बताया।

खुर्सीपार में सीवरेज लाइन का काम किया जा रहा है। लेकिन बारिश में व्यवस्थित तरीके से काम नहीं होने की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में बारिश का पानी गली और लोगों के घरों में भी भर सकता है इसे गंभीर बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है।



### सीवर लाइन बिछाने गड्ढा खोदकर छोड़ा, हो रही परेशानी, शिकायत का समाधान नहीं

लोगों ने बताया कि कई वार्डों में ठेकेदार ने सीवर लाइन के लिए कई जगह खुदाई कर करके काम छोड़ दिया है। 5-7 फीट गहरे गड्ढे खोद कर छोड़ दिए है। इसके अलावा खुर्सीपार और टाउनशिप एरिया में बैकलिंक की सफाई भी नहीं की गई है। पार्षदों ने बताया कि बैक लाइन की सफाई नहीं होने से बारिश में निकासी की बड़ी समस्या आती है। गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। हर बार बीएसपी प्रबंधन गर्मी के सीजन में बेक लाइन की सफाई की बात करता है, लेकिन सफाई नहीं करवा रहा है।

## स्वयंसेविकाओं का पथ संचलन...





**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महिला राष्ट्र सेविका की ओर से रविवार को पथ संचलन निकाला गया। आरएसएस के बैंड की धुनों पर पहली बार महिला सेविकाओं ने कदम से कदम मिलाए। महिला सेविकाओं के संचलन को देखकर लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। रविवार को महिला राष्ट्र सेविका समिति की ओर से पथ संचलन निकाला गया। सुबह से ही आरएसएस के महिला राष्ट्र सेविका इकट्ठा हुए। इसके बाद राष्ट्र सेविकाओं को देशभक्ति के संदेश दिया।

**खबर संक्षेप**



## नौतपा के दूसरे दिन भी काले बादल छाए और हुई बारिश

**दल्लीराजहरा।** नौतपा के दूसरे दिन मौसम ने लोगों को चौंकाते हुए दो अलग-अलग रंग दिखाए। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और जमकर बारिश हुई। ठंडी हवाओं और रिमझिम फुहारों ने मौसम को सुहावना बना दिया, जिससे लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की। बच्चों और युवाओं ने बारिश का आनंद लिया, तो वहीं किसान भी इस बारिश से खुश नजर आए। हालांकि, शाम होते-होते मौसम ने करवट बदली और तेज धूप ने फिर से गर्मी का एहसास दिलाया। उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया, लेकिन सुबह की बारिश ने दिन को खास बना दिया। इसी बीच पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ वट सावित्री व्रत भी मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर व्रत की कथाएँ सुनीं और व्रक्ष की परिक्रमा की। कई स्थानों पर सामूहिक पूजन और कथा आयोजन भी हुए। मौसम की इस अजब चाल और धार्मिक आस्था से परिपूर्ण दिन ने नौतपा के दूसरे दिन को विशेष बना दिया। लोग आशा कर रहे हैं कि आने वाले दिन भी इसी तरह मौसम और आस्था के संगम से भरे रहें।

## बीमारियों से बचाव के लिए बनाएं कार्ययोजना

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने दकलेक्टर अभिजित सिंह से बारिश में उपजने वाली जलजनित बीमारियों के विरूद्ध पूरी सजगता बरत इससे बचाव के लिए कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि इस बार मानसून का आगमन तय समय से पूर्व हो रहा है।

# मंगचुवा शिविर में मिली राहत, हिमेश्वरी और पिंगला को अब मिलेगा 35-35 किलो चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार ने ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। यह सकारात्मक बदलाव बालोद जिले के ग्राम मंगचुवा में आयोजित समाधान शिविर में पहुँची हिमेश्वरी और पिंगला बाई के जीवन में भी आया है। उन्हें इस शिविर में उनकी मांग के अनुरूप राशन कार्ड प्रदान किया गया है, जिसके लिए उन्होंने सुशासन तिहार के पहले चरण में आवेदन किया था। यह राशन कार्ड उन्हें केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन प्राप्त करने में मदद करेगा। इस योजना के तहत हिमेश्वरी और पिंगला बाई के परिवार को अब हर महीने 35 किलो अनाज मुफ्त मिल सकेगा, जो उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगा। हिमेश्वरी और पिंगला बाई ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण राशन कार्ड की कमी एक बड़ी समस्या थी। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में उन्हें काफी परेशानी होती थी। सुशासन तिहार के पहले चरण में जब उन्होंने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया, तो उन्हें उम्मीद थी कि उनकी यह मांग पूरी होगी। समाधान शिविर में जब उन्हें राशन कार्ड सौंपा गया, तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने कहा कि अब हमें राशन मिल सकेगा और घर का खर्च चलाने में आसानी होगी।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है सुशासन शिविरों का

**योजना का मिला लाभ**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत हमें मुफ्त अनाज मिलेगा, जिससे हमारा परिवार बेहतर तरीके से जीवन जी सकेगा। यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। इसके साथ ही हिमेश्वरी और पिंगला बाई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में संचालित हो रही महतारी वंदन योजना का भी जिक्र किया, जो राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना की राशि उनके लिए एक बड़ा सहारा बनी है, और अब राशन कार्ड मिलने से उनकी जिंदगी और आसान हो जाएगी। सुशासन तिहार जैसे कार्यक्रमों के संचालन के लिए हिमेश्वरी और पिंगला बाई ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रसन्नतापूर्वक हृदय से आभार व्यक्त किया है। उसने कहा कि, मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के जरिए हम जैसे गरीब लोगों की समस्याओं को समझा और उसे हल किया। उनके इस प्रयास ने हमें नई उम्मीद दी है। साथ ही, महतारी वंदन योजना ने हमें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। मैं उनका बहुत–बहुत धन्यवाद करती हूँ। सुशासन तिहार का यह आयोजन बालोद जिले में ग्रामीणों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। समाधान शिविरों के माध्यम से न केवल राशन कार्ड जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है।

### बरसात में सर्पदंश की शिकायत ज्यादा होती है, जिले अस्पतालों में उपचार की सुविधा उपलब्ध

# सर्पदंश पर झाड़-फूंक नहीं फौरन डाक्टरी उपचार कराएं, प्राण बच जाएंगे : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद ने सर्पदंश से संबंधित जानकारी साझा करते हुए बरसात के समय मे लोगो को सतर्क रहने हेतु अपील किया है। जिले का बड़ा भाग जंगलो से अच्छादित है, जिसमे सर्पदंश की घटनाएं अधित होती है, विशेषकर बारिश के मौसम मे जहरीले सांप, बिच्छु व कीड़े के काटने का खतरा बढ़ जाता है। सर्पदंश जैसे प्रकरणो मे यदि समय मे सही उपचार न मिले तो जान से हाथ धोना पड़ सकता हैं। इस संबंध मे स्वास्थ विभाग के जिला सर्विलेंस ईकाई ने अलर्ट जारी किया है।

वि”व स्वास्थ संगठन अनुसार सर्पदंश से ज्यादातर कमजोर आय वर्ग व रहन सहन वाले लोग ज्यादा प्रभावित होते है। खेतो, बगीचो, गोदामो मे काम करने वाले तथा बच्चो को सर्पदंश का ज्यादा खतरा रहता है। सामान्यतः वि”व मे रोज लगभग 7400 लोग प्रतिदिन तथा सलाना 3 अरब लोग सर्पदंश का शिकार होते है। जिसमे लगभग 1 लाख लोगो की मौत हो जाती है। जबकि केवल भारत मे सलाना लगभग 4,5000 लोगो की मौत सांप के काटने से ही होती है।

**विषैले सांपों की प्रजातियां:** डब्लूएचओ द्वारा कुल 251 जहरीले सांपो का चिन्हांकन किया गया है, जिसे अति चिकित्सकीय महत्व के कैटेगरी एक वाल 109 प्रजाति व सामान्य चिकित्सकीय महत्व वाले कैटेगरी दो मे 142 प्रजाति है। अकेले भारत मे ही कैटेगरी 1 के 18 से ज्यादा विषैले सांपो की प्रजाति है। जिला सर्विलांस ईकाई के प्रभारी ने बताया कि भारत मे मुख्य 4 प्रजातियो के विशैले सर्प के दंस से लोग प्रभावित होते है। जो नाग, करैत, जर्दरा एवं फुरसा है। सांप बारिश के मौसम मे खाने व ब्रिडिंग के लिए ज्यादा बाहर निकलते है और जाने अनजाने मे मानव से भिड़त हो जाती है। सांो मे दो तरह के विश होते है एक जो तंत्रिकाओ को प्रभवित करता है व दूसरा रक्त को। सर्पदंश के लक्षण काटने वाले जगह पर निशान, दर्द खून बहना, अंग मे सूजन आ जाना, कभी कभी निशान दिख नही पाता। सांप के प्रकार भी याद रखने मे उपचार मे आसानी होता है।

### बारिश के मौसम मे जहरीले सांप, बिच्छु व कीड़े के काटने का खतरा बढ़ जाता है रहे सावधान

**क्या न करे**

ग्रीज को न डराये, कटे हुए स्थान पर चीरा न लगाए और न ही बांधे, देशी नुस्खे या अन्य केमिकल न लगावे, झाड़ फूक तांत्रिक आदि के चक्कर मे न पड़े। सर्पदंश मे एक एक मिनट का अत्यंत महत्व है। सांस लेने मे तकलीफ होने की स्थिति मे कृत्रिम “वास देने का प्रयास करे व तत्काल एंटी स्नेक वेनम हेतु चिकित्सालय ले जावे।एंटी स्नेह वेनम एक तरह का इत्युनोग्लोब्यूलीन का इम्न्युनोथैरेपी है जो सापं के विश को न्यूट्रीलाईस करता है, सर्पदंश व इम्यूनोथैरेपी के बीच का समय जितना कम होगा बचने की संभावना उनकी ही ज्यादा हो जाती है, इसलिए तत्काल चिकित्सालय ले जाना सर्वोपरि है।

**क्यों होती है मौत**

विश के असर से तंत्रिका व परिसंचरण तंत्र प्रभावित होता है, सांस लेने वाली मांसपेशियो के लकवाग्रस्त होने तथा दिल के बंद होने से मरीज की मौत हो जाती है इसलिए तत्काल उपचार से मरीज को बचाया जा सकता है। घर मे जूते चप्पल घर के कोनो आदि को उपयोग करने के पहले अच्छी तरह से देच लेवे। रोज उपयोग होने वाले जुते चप्पल व अन्य सामानो तो जमीन न रखे हो सके तो 2 से 3 फीट उपर रखे। खुले पैर न रहे हो सके तो हाई काउटर या गन बूट पहनें।

**त्वरित उपचार कारगर**

नाक, मुह, मूसूड़ो से खून, जीभ का बाहर न निकाल पाना, बोलने व सांस लेने मे परेशानी, हाथ पेर का कमजोर हो जाना आदि शरीर पर असर होता है, मरीज का आंखे न खोल पाना गर्दन न संभाल पाना, सांस लेने मे दिक्कत, ये खतरे के निशान है। क्या करें कटे हुए अंग को दिल के स्तर से नीचे रखे आस पास भीड़ न होने दे, तत्काल 108 को संपर्क करे। डॉक्टरी सलाह लेवे अथवा मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ केन्द्र ले जावे।

**जिले में उपलब्ध उपचारः** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी ने बताया कि जिले के जिला चिकित्सालय व समस्त सामुदायिक स्वास्थ केन्द्रो मे सर्पदंश के उपचार हेतु पर्याप्त मात्र मे एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है मरीजो का चाहिए की झाड़ फूक के चक्कर मे पड़कर समय जान न गवाए।

## पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण शिविर का पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारंभ





**बालोद।** गायत्री शक्तिपीठ बालोद में 26 मई से 30 मई तक पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण शिविर का प्रारंभ नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने दीप जलाकर किया। जिसके प्रथम दिन में 102 बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों का सम्मान गायत्री परिवार द्वारा किया गया।

उन्होने युवक युवतियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा राष्ट्र का धरोहर है, राष्ट्र को उनकी आवश्यकता है, यह तभी संभव है की उनका व्यक्तित्व में निखार हो राष्ट्र सेवा की भावना हो जीवन स्तर सम्मान जनक हो। अपने बचपन की याद ताजा करते हुए कहा कि पिताजी को बहुत सारे लोग नमस्कार करते जहां जाते लोग उनसे मिलते यह सब मै देखती थी और मेरे भी मन में कुछ अच्छा करने की ललक रही यही भावना मुझे आपके बीच लाया आप लोगो को ऊंचा सपना देखने का हक है यह दिन का प्रशिक्षण अनुशासन त्याग निष्ठा लगन से करे तो यही विषय आगे चलकर जीवन में काम आएंगे यह प्रशिक्षण युवा लोगों के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेशाध्यक्ष साहू संघ टहल सिंह साहू ने कहा बच्चो में संस्कार का होना आवश्यक है जो आजकल दिखाई नहीं देता जिससे माता पिता चिंतित है बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के बाद सामूहिक भोजन माता पिता भाई बहन के साथ करना चाहिए इससे आपस में प्यार सहकार त्याग की भावना विकसित होती है। विशेष अतिथि अशोक टूवानी ने कहा कि प्रशिक्षण में ज्ञान वर्धक बाते बताए जाएंगे, उसे जीवन में उतरना है रोज गायत्री मंत्र जाप करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि उन्होंने गायत्री मंदिर के बोर में मोटर पंप लगाया है उनके पिता रामस्वरूप भी गायत्री कार्यकर्ता था। इस पांच दिनों में मिलन सिन्हा, वीरेंद्र साहू, दुष्यंत कोलियर, शिवेंद्र झरिया, जेमन लाल साहू, दिलीप निर्मलकर, रेणुका गंजीर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## संबलपुर की सुहागिनों ने की वट-सावित्री पूजा...



डौंडीलोहारा। महिलाएं अपनी सुहाग की रक्षा के लिए हमेशा व्रत रखती है, इसी तारतम्य में संबलपुर की सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का उपवास रखकर वट वृक्ष का पूजन-अर्चन किया। सबने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

# मंगचुवा समाधान शिविर में कई गांवों को लोगों को मिली राहत, विकास के द्वार खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत ग्राम मंगचुवा में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम मंगचुवा के अलावा ग्राम भीमपुरी, खैरकट्टा, चिलमगोटा, रेंगाडबरी, भीमाटोला, जुन्नापानी, तुरमुड़ा, करतुटोला दल्ली, करेंगांव, कमकापार, हितापठार, बड़ा जुंगेरा, कोड़ेकसा पीपरखार (ख) के निवासी शामिल हुए। मंगचुवा में आयोजित समाधान शिविर में जनपद पंचायत की अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा, उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, चुन्नी मानकर, जनपद सदस्य जागेश्वर दर्रो, उत्तरा घरेन्द्र, तुलसी देवांगन एवं सुरेश साहू के अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम मे चेमन देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य सरकार के द्वारा आम जनता के मांगो एवं समस्याओं तथा उनकी वास्तविक जरूरतों को समझकर निर्धारित समयावधि में उसका निराकरण सुनिश्चित करने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। जिससे कि राज्य में सुशासन की अवधारणा को सही मायने में चरितार्थ कर समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। देवलाल ठाकुर ने कहा कि सुशासन तिहार सही मायने में सुशासन की परिकल्पना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ प्रदान करने का एक अभिनव एवं कारगर प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के चहुँमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर उनका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। राजाराम तारम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में मौजूदा केन्द्र व राज्य सरकार आम जनता के हित में निरंतर कार्य कर सुशासन के अवधारणा को साकार कर रही है।

**2892 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित**

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के मंगुचवा कलस्टर में शामिल 15 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कुल 2892 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज शिविर में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में 'मोर गांव, मोर पानी' महाभियान के तहत भूजल संरक्षण को बढ़ावा देने की शपथ भी दिलाई गई। शिविर के दौरान पहले चरण के दौरान खाद्य विभाग को 194, मनरेगा अंतर्गत 343, विद्युत विभाग को 106, राजस्व विभाग को 129, समाज कल्याण विभाग को 132, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1209, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 88, लोक निर्माण विभाग को 53, महिला एवं बाल विकास विभाग को 93 अन्य विभाग सहित कुल 2892 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

# 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा की प्रकिया जारी

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं के द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा का परीक्षा फॉर्म भरना 20 मई से प्रारंभ हो गया है इसके लिए संबंधित विद्यार्थी को उस कक्षा की नेट कॉपी लेकर जिस संस्था में अध्ययरत थे वहां से परीक्षा आवेदन फॉर्म भरना है। जानकारी प्रदान करते हुए विकासखंड समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के परीक्षा प्रभारी लवण कुमार साहू ने बतलाया कि सामान्य शुल्क के साथ 10 जून तक फॉर्म भरना है, विलंब शुल्क 770 रूपये के साथ 11 जून से 20 जून तक तथा विशेष विलंब शुल्क 1540 रूपये के साथ 21 जून से 30 जून तक परीक्षा आवेदन फॉर्म भर सकते है। संबंधित आवेदन भरने की प्रक्रिया बच्चों को अपने पूर्व वर्ष अध्ययनरत विद्यालय में ही करनी है।

## पेज 11 के शेष

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर ...

निज सचिव मुख्यमंत्री छ ग शासन के मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि लाल निवेंद्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डोंडी लोहारा ,झुनमुन गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार ,निखिल शर्मा ,संतोष साहू ,अनिल साहू ,स्वाधीन जैन ,जयदीप गुप्ता ,अशोक लोहिया उपस्थित थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि तुलसी राम कौशिक ने रक्तदान के महत्व को बताए हुए उक्त पावन पुनीत कार्य से लोगो को प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में यह नेक कार्य तीव्र गति से आगे बढने की बात कही,रक्तदान करने से सबसे ज्यादा फायदा रक्तदाता को होता है ,नया खून तीव्र गति से बनता है जिसमे रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक छमता बढ़ जाती है ,केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की किसी के भी दुर्घटना होने पर चोटिल मरीज का 1.50 लाख रुपए तक केशलेस उपचार किसी भी अस्पताल में तुरंत चालू हो जाएगा ,जिसका प्रचार प्रसार आप सबको मिलकर करने की जानकारी दी ,रक्तदान कार्यक्रम को अंजाम तक पहुंचाने के लिए बड़ी जिम्मेदारी से कार्य करने पर योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा व सरपंचों को बधाई दी।

**भाजपा मंडल ने आभार माना:** योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल ने रक्तदान महादान के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त सरपंचगण, डी बी ग्रुप,मितानिन ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,ग्रामीणजन ,रक्तदाताओं सहित सहयोग करने वालो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रसव व अनहोनी दुर्घटना होने से लोगो को ब्लड के लिए भटकना पड़ता था ,आज अलग अलग ग्रुप के 180 रक्तदाताओं ने एक एक यूनिट ब्लड दिया है जो शहीद अस्पताल के ब्लड बैंक में जमा रहेगा जहा से जरूरतमंद को ब्लड मिल पाएगा उपस्थित अतिथियों के हाथो रक्तदान करने वालो का तिलक लगाकर हेलमेट व प्रमाणपत्र देकर सम्मान किया गया , तदपश्चात कार्यक्रम के अतिथियों का शाल श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन वेदबाइ पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने रक्तदाताओं,सरपंचों,ग्रामीणों , डी बी ग्रुप,जनप्रतिनिधियों , भाजपा मंडल कुसुमकसा का कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने में योगदान देने पर आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की व कार्यक्रम का संचालन मंजू धनकर ,नंदकिशोर पिस्दा ने किया डोनेट ब्लड ग्रुप दल्लीराजहरा की टीम दीपक साहू,सुमित जैन ,दानेश आर्य,लक्ष्मण देवांगन,ऋषि कुमार ,महिला टीम के सावित्री, ममता, शिवनी,नाज मेमन , द्रोपती, दामनी,माधुरी,सुनीता आदि सदस्य उपस्थित होकर अपनी सेवाए दी शहीद ब्लड बैंक दल्लीराजहरा से किरण करियारे,सुमन सेन,तृप्ति सिंह,सूरज,गजेंद्र साहू उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती संजय मंजू बैस, अनिल सुथार अध्यक्ष व्यापारी संघ कुसुमकसा संजय बैस, नितिन जैन उपसरपंच ,पंचगण पंकज जेठवानी , , साहिस्ता बेगम ,सिताबाई चुरेंद्र ,पुष्पाबाई ,चित्ररेखा,कुमारी बाई ,हेमलाल रावटे,जयंत्री नेताम, निर्मला जगनायक,सुगरा बेगम,खेमिन निर्मलकर,संतोष जैन, ,उर्मिला ठाकुर,कोमल, जिजोधन कुमार , भारती तारम, शिवरामसिन्द्रामे , टिकेंद्र साहू, नितिन जैन, संदीप साहू, संतोष जैन, सुरेन्द्र मंडावी,मितेंद्र वैष्णव, शशिकांत निषाद, गोविंद सिन्हा ,शमीम कुरैशी, डॉ नसीम खान, गौरी शंकर साहू, मोती कुचेरिया, लोकेश सिन्हा, कुसुमकसा कि समस्त मितानिन, मितानिन सुपरवाइजर, सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### शिविर में सांसद नाग की ...

सराहना की , सांसद भोजराज नाग सहित उपस्थित अतिथियों के हाथो रक्तदाताओं का हेलमेट व प्रमाणपत्र देकर सम्मान किया गया ,सांसद जी के साथ तोरण साहू अध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा ,नगर पंचायत चिखलाकसा के अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू लाल रावटे,कुसुम शर्मा अध्यक्ष भाजपा मंडल डोंडी लोहारा उपस्थित थे

### भ्रष्टाचार उजागर होने पर ...

मे पास तो कर दिया है लेकिन कब से लागू होगा, ना तो प्रधनमंत्री बता पा रहे है ना तो बीजेपी का कोई जिम्मेदार। आज हम लोग खुले मंच से जो बोल पा रहे है वह भी संविधान के दम पर सरकार विरोध कर पा रहे है वह भी संविधान के दम पर अपना विरोध करने वालो को प्रधानमंत्री बर्दास्त नही कर पाते है। इसलिए सरकार का विरोध करने का अधिकार देने वाले संविधान को बदल देने की मंशा भाजपा की है। जब हम भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करते है जब हम उनके जनविरोधी नीतियो का विरोध करते है तो कांग्रेस के नेताओ के ऊपर झूठे मामले मे अपराध दर्ज किया जाता है। नेशन हेराल्ड के मामले मे झूठी कहानी गढ़ी जा रही है और देश को झूठ परोसा जा रहा है। आज भी पहलगांव हमले के आरोपियो को सरकार पकड़ नही पाई है, पुलवामा मे सैकड़ो टन बारूद कहां से आया, हमारे सेना के नौजवानो पर हमला करने वाले आतंकवादियो को आज तक नही पकड़ा जा सका। कांग्रेस जब इसका विरोध करती है तो कांग्रेस के नेताओ के घर ईडी, आईटी और सीबीआई भेज कर डराने का प्रयास करती है भाजपा की सरकार भूल जाती है कि कांग्रेस का हर सिपाही अंग्रेजो से लड़ने वाला सिपाही है जब कांग्रेस अंग्रेजो से नही डरा तो इन काले अंग्रेजो के झूठ साजिशो से कैसे डर सकते है।

### पूर्व मुख्यमंत्री ...

मे मुख्य अतिथि भूपेश बघेल के अलावा बालोद जले के तीनो विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, कुंवर सिंह निशाद, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, भैया राम सिन्हा, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर, महामंत्री पंकज महावर, कृष्णा दुबे, आलोक चन्द्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, चन्द्रप्रभा सुधाकर, रतिराम कोसमा, पुरूशोत्तम पटेल, सोना देवी देशलहरा, मिथिलेश निरोटी, गुलशन चन्द्राकर, पूजा साहू, मीना साहू, राजाराम तारम, धीरज उपाध्याय उपस्थित थे।

### भाजपा की पहल पर ...

अखिल यादव ने सड़क का जल्द मरम्मत करने की मांग की। जिसके ज्ञापन सौपने के बाद अधिकारी हरकत मे आए और सड़क का मरम्मत किया गया।

### रविदास समाज की बैठक ...

मुख्य सलाहकार छेदीराम मालेकर,संगठन प्रभारी गेंदलाल मालेकर,संगठन प्रभारी रमेश मालेकर ,संगठन प्रभारी गुरु प्रसाद भांडेकर एवं अन्य सभी सामाजिक बंधुओ का चयन मनोनयन के माध्यम से किया गया । सभी नवीन पदाधिकारियों ने सामाजिक हित में कार्य करने बाबत सहमति प्रदान किया । इस संदर्भ में आगामी दिवस में बैठक आयोजित कर समाज में फैली कुरीतियों एवं सामाजिक उत्थान हेतु नवीन विचारधारा के संयोजन बाबत कार्य करने हेतु अपने अपने विचार साझा किया गया।

### सिर्राभाठा ...

पुलिस टीम के आने के पहले ही ग्रामीण बड़ी संख्या मे घटना स्थल पर पहुंच चुके थे। कुछ ग्रामीणो ने चर्चा मे बताया कि मृतक पुनित ठाकुर का गला काटा गया है। इससे नर बलि की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। वही कईयो का दावा है घटना के वक्त वहां शराब का दौर चल रहा था एवं शराब के नशे में उपजे विवाद का या अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए चारो बैगाओ के मध्य चली। प्रतिस्पर्धा मे एवं विवाद मे पुनित ठाकुर की हत्या हो गई। सच्चाई क्या है, पुलिस पड़ताल मे ही स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस ने जिस घर मे हत्या हुई उस घर के स्वामी तिहारू निशाद, उसकी पत्नी एवं कांडे से आए दो बैगा व कमरौद से आए एक बैगा को संदेह के आधार पर हिरासत मे लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है। मामले मे देर रात तक पुलिस पड़ताल चल रही थी।

### निजी स्कूलों को भी पुस्तकें ...

बच्चो को स्कूल खुलने के कई सप्ताह बाद भी पुरी पुस्तके नही मिल पाती, इन परिस्थितियो को देखते हुए निजी विद्यालय संघ ने अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन सौंपने में जिलाध्यक्ष राजेश सोनी, जिला सचिव ललित सिंह गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी सहित जिले के संचालक उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार, डौण्डीलोहारा जिला-बालोद छ.ग.**

**उद्घोषणा**

**ई-कोर्ट राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-21 वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर बालोद, जिला बालोद का ज्ञापन क्र./169/प्र.कले./2025 बालोद दिनांक 03.04.2025 के अनुसार आवेदक गैंदसिंह नागवंशी पिता एम.आर. नागवंशी जाति गोंड निवासी ग्राम 02 नंबर स्कूल के पास दल्लीराजहरा, तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा ग्राम खरथुली तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 583/2, 583/3 रकबा क्रमशः 0.28, 0.36 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.64 हे. भूमि को अपनी भांजी श्रीमती चित्ररेखा पति रामदयाल जाति महार (गैर आदिवासी) के पक्ष में बिना किसी प्रतिफल के स्वेच्छा से दान पत्र निष्पादित करने की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के अंतर्गत छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अन्तर्गत भूमि विक्रय की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्तानुसार आदिवासी की वाद भूमि को गैर आदिवासी के पास विक्रय की अनुमति प्रदाय किये जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वें दिनांक 18/06/2025 को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डौंडीलोहारा

# गोलछा परिवार की 3 बेटियों ने डाक्टर, पत्रकार और वकील बनकर दी मिसाल

## बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को गोलछा परिवार ने किया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बेटा और बेटी संतान में माता पिता की सोच में बेटा को पहली प्राथमिकता देने में चाहे अनचाहे तो मन बेटा को ही प्राथमिकता देते आया है क्योंकि बेटा कुल दीपक माना जाता है लेकिन जमाना करवट बदल रही है बेटा की बहु आने के बाद माता पिता को वृद्धा आश्रम भेजने की बढ़ती कवायद किसी छुपी नहीं है। शासन और समाज में प्रोत्साहन एवं जागरूकता बेटियों के प्रति बढ़ी है, जिसका सीधा सीधा असर स्कूलों और कॉलेजों में बेटियों की प्रतिभा प्रदर्शन बेटों की अपेक्षा काफी उम्दा कंठ मुक्त प्रशंसनीय परिणाम सामने आने लगी है। माता अंजू पिता प्रकाश गोलछा के साथ तीनों बहने डॉ सजल गोलछा, गोल्ड मेडलिस्ट पत्रकार सुरभि और वकील विधि गोलछा खुशियां का इजहार करते हुए।

### अनुपम उपहार हैं बेटियां: गोलछा

पिता प्रकाश गोलछा ने कहा कि बेटा हो या बेटी भेद करने का अधिकार हमे नहीं है अज्ञानता या स्वार्थ वश लोग भेद का पहाड़ खड़े कर देते है जिसका भुगतान लोगो को करना भी पड़ता है। जो समाज खुली आंखों से देख भी रही है।बेटों में यदि दम होता तो वृद्धा आश्रम ही नहीं खुलते। वृद्धा आश्रम तो बेटो की प्रामाणिक तौर पर पोल खोलती है।आध्यात्म की ओर मुखरित होते हुए श्री गोलछा ने कहा कि बेटा बेटी या रिश्ते नाते कर्मो के अनुरूप मिलते है। इसे सहर्ष स्वीकारने की आदत डालनी चाहिए।वैसे भी बेटियां दो कुल का नाम रोशन करती है। मेरी दिल की बात पूछे तो मैं यही कहूंगा माता पिता समाज के लिए सृष्टि की अनुपम उपहार है बेटियां।




### बेटियों ने कहा कि हमारे दिल में बसते माता-पिता

डॉ सजल गोलछा ने कहा कि बेटियां और बेटो में फर्क का नजरिया पुरानी बात हो गई अब तो बेटियां ज्यादा केयर करने लगी है माता पिता परिवार का ।पत्रकार सुरभि ने कहा कि माता पिता केवल हमारे जन्म दाता ही नहीं संवरते और पूर्ण जीवन का विधाता है। हम उनके दिल में है और वो हमारे दिल में है। एडवोकेट विधि गोलछा ने कहा कि हमारे माता पिता हमारे लिए जगत नियंता से कम नहीं है।वो ना हो तो हम नहीं होते और हमारे लिए वो नहीं करते तो शायद हम तीनों बहने इस मुकाम पर पहुंच कर इतिहास नहीं बना पाते कि बेटियां माता पिता की नाम रोशन करती है ।हम तीनों अपने माता पिता के बेटा और बेटियां है।

**तीन बहने डाक्टर, पत्रकार, वकील बन रचा इतिहास :** समीपस्थ ग्राम नवागांव के किसान पन्नालाल गोलछा के द्वितीय सुपुत्र प्रकाश गोलछा अंजू गोलछा को तीन पुत्री रत्न प्राप्त हुई प्रारंभिक दौर में समाज परिवार के सोच अनुरूप चर्चा तो स्वाभाविक था। लेकिन पिता प्रकाश और माता अंजू गोलछा ने तीन पुत्रियों की इस कदर परवरिश किया कि तीनों पुत्रियों ने गोलछा परिवार का नाम रोशन करने में इतिहास की रचना कर दिया।

बड़ी बहन डॉ सजल नेत्ररोग विशेषज्ञ बनकर रायपुर में सेवारत है, द्वितीय पुत्री सुरभि ने पत्रकारिता में डिग्री में गोल्ड मेडलिस्ट प्रतिभा हासिल किया और तीसरी बहन विधि ने वकालत की डिग्री इसी महीना हासिल कर लिया और इस प्रकार प्रकाश अंजू डाक्टर, पत्रकार और वकील की माता पिता का गौरव हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### 60 वार्डों में चौथे दिन नहीं उठा कचरा

**दुर्ग।** दुर्ग के 60 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप पड़ गई है। सफाई कर्मचारी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नहीं कर रहे हैं। खास बात यह है कि इसकी शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बता दें कि पिछले चार दिनों से शहर के सभी 60 वार्डों के सफाई कर्मी हड़ताल पर हैं। निगम में पिछले दिनों सफाई का नया ठेका हुआ है। किसी आयुष सिंह को काम दिया गया है। महिला समूह के माध्यम से काम कराया जा रहा है। इधर सफाई कर्मचारियों की पुरानी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। इस वजह से उनमें नाराजगी है। उन्होंने हड़ताल शुरू कर दिया है। शहर में सड़कों और नालियों की सफाई हो रही है, लेकिन घरों से कचरा नहीं उठ रहा है।

### युवक का अपहरण कर मारपीट, अपराध दर्ज

**भिलाई।** खुर्सीपारा थाना क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने बताया कि श्रमिक नगर छावनी निवासी हरीश सोनी की शिकायत पर उज्जवल सिंह, इंद्रजीत सिंर उर्फ टकली और शुभम सिंह के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। मुख्य आरोपी उज्जवल ने हरीश को पुराना पेमेंट देने के नाम पर 21 मई से बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान उससे मारपीट की। बंधक रहने के दौरान ही उसने घटना की जानकारी अपने भाई को फोन के माध्यम से दी। इसके बाद उसके भाई ने पुलिस को खबर दी। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। विवेचना जारी है।

### सहायिका पद के लिए आवेदन 2 जून तक

**दुर्ग।** आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती किया जाना है। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 02 जून तक बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग शहरी में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किया जा सकता है। आंगनबाड़ी केन्द्र पंचशील नगर केन्द्र 2, वार्ड 1 नयापारा के लिए यह भर्ती होनी है। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं अथवा 11वीं बोर्ड उत्तीर्ण, आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड उत्तीर्ण है। इधर दुर्ग शहरी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद की अनन्तिम सूची जारी कर दी गई है।

### पुलिस का आपरेशन मुस्कान एक जून से

**भिलाई।** पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने 1 जून से शुरू हो रहे ऑपरेशन मुस्कान की जानकारी दी। बैठक में थाना एवं चौकी प्रभारी मौजूद थे। बैठक में पिछले एक वर्ष से अधिक समय से लंबित अपराध एवं चालान का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश एसएसपी ने दिए। सभी रजिस्ट्रों को अघतन करने एवं बाउंड ओव्हर की कार्रवाई करने के लिए निर्देश किया। एसएसपी ने जिले के निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों की सतत जांच करने एवं पुराने गुण्डे बदमाश जो निष्क्रिय हैं, उनकी फाइल बंद करने की भी बात कही। उन्होंने बताया कि 1 से 30 जून तक ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जाएगा।

## गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में पांच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर संपन्न

# गायत्री परिवार के आवासीय प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को दिए अनुकरणीय संस्कार व सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन दल्ली राजहरा के गायत्री शक्तिपीठ में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों के द्वारा 21 मई से 25 मई तक संस्कार शाला का आयोजन किया । इस कार्यक्रम के तहत डौंडी ब्लॉक के 12 से 18 वर्ष के बालक एवं बालिकाओं के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



जिसमें प्रमुख रूप से प्रांतीय टोली दिलीप कुमार निर्मलकर (शिक्षक ) टोली नायक भोलेश्वर सिंह (शिक्षक ) सह टोली नायक रोहित साहू (बीमा अभिकर्ता ) ,नरेंद्र साहू ( शिक्षक) जगमोहन साहू ( शिक्षक ) नामदेव साहू (शिक्षक ) चेमन साहू (शिक्षक) (डफली प्रशिक्षक ) शांति कुंज मनीष क्षत्रीय ( शिक्षक ) स्नेहा साहू प्रमुख नारी जागरण के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। भोलेश्वर सिन्हा सह टोली नायक (शिक्षक एवं भूतपूर्व सैनिक) ने बताया कि बाल संस्कार शाला के माध्यम से बच्चों में संस्कार नैतिकता सिखाए जाते हैं । ताकि वो अपने गांव और शहर में जाकर अन्य बच्चों को सिखा सके जिससे स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके । गायत्री शक्तिपीठ परिवार सनातन और वैदिक परंपरा को मानता है । गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा प्रशिक्षण में नशा व्यसन मुक्ति का भी एक पाठशाला होता है जिसमें हमने बच्चों को सिखाया की जितने प्रकार के व्यसन है जिसमे शराब ,गुटका, तंबाकू, बीड़ी सिगरेट, चाय ,कॉफी ,गुड़ाखू से लेकर खतरनाक हीरोइन गांजा चरस इन सब के प्रभाव के बारे में बताया गया।

**विनम्र होना मानव धर्म :** पुरुषोत्तम लाल सोनवानी जिला सचिव ने बताया कि आज पांच दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हुआ । एक बीज़ निर्माण है । इससे आप अपने स्तर पर जितना खाद पानी डालेंगे । वह विशाल वृक्ष बनेंगे जिसे आप अपने साथ अपने परिवार गांव जिला का नाम रोशन करेंगे । आपको हर जगह कोई ना कोई चीज प्रकृति सिखाती है ,बस आपके अंदर ललक और इच्छा शक्ति होनी चाहिए। फूलों से नित हंसना सीखो भवरो से नीत गाना तरु की झुकी डाली सीखो शीश झुकना सीखो इस कविता के माध्यम से उन्होंने बच्चों को सीखने के प्रति ललक दिखाने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने बताया कि फूल हमें हंसना सीखाते हैं भंवरा हमें गाना सीखाते हैं । फलों की डाली हमें सिखाती है कि हम यदि परिपक्व होंगे । हम ज्ञानी हैं तो हमें विधि पूर्वक झुकना आना चाहिए । जो झुक गया वह संभल गया वरना रावण जैसे अहंकारी भी इस संसार में नहीं टीक पाये । प्रशिक्षण के बाद आप जाकर समाज की सेवा करिए अपने व्यक्तित्व का विकास करिये।

### संस्कारों का अनुकरण करें

तोरण लाल साहू नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज 25 मई को आपका प्रशिक्षण समाप्त हो रहा है । इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमारे बच्चों का विकास उनकी शिक्षा दीक्षा कैसे हो , उनमें कैसे संस्कार डाला जाए । जिससे उनके विकास के साथ देश को भी लाभ मिले इस बारीकियां को आप लोगों ने गायत्री परिवार के माध्यम से सीखा हैं। यहा पर आवासीय शिविर के माध्यम से आप लोगों ने 5 दिनों तक सुबह उठने से लेकर रात्रि को शयन तक जो संस्कार शिक्षा दिए हैं और बहुत ही अनुकरणीय और प्रशंसनीय है।

**प्रशिक्षण से एक सकारात्मक ऊर्जा का होता है विकास : सीएसपी :** डॉक्टर चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक मुख्य अतिथि ने अंतिम वक्ता के रूप में बच्चों को संबोधन के साथ-साथ एक मोटिवेशन भी किया । उन्होंने बच्चों के कहा कि प्रशिक्षण से एक सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है जो आपके जीवन में आत्मविश्वास को बढ़ाता है आपको आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देता है । परिवार में समाज मे व्यसन को खत्म करने और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बढ़ाता है । आज मैं नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा के पद पर हूं मैं चाहती हूं कि आप इससे भी आगे बढ़े खूब पढ़े एकाग्रता के साथ पढ़े और मुझसे भी बड़े अधिकारी ,डॉक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करें। इसके लिए आपको मेहनत करनी होगी अपने जीवन में संयम रखना होगा और एक लक्ष्य निर्धारित करनी होगी।

# दया सागर भगवान भक्तों के लिए लेते हैं अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम गैजी में रतनावली मानस मंडली का संगीतमय मानस गान हुआ।व्याख्याकर रमनलाल धनेन्द्र ने कहा भू लोक पर ज़ब ज़ब धर्म की हानि होती है, नीच अभिमानी दुष्ट राक्षस बढ़ जाते है, उनके द्वारा पापाचरण अन्याय होता है ब्राह्मण, गाय, देवता तथा पृथ्वी माता कष्ट पाते हैं, तब तब कृपा के सागर कृपानिधि परमात्मा अनेक रूप से शरीर धारण करके सज्जनों का दुख दूर करते है, वे दैत्य दुष्टो को मारकर देवताओं की वेदों की तथा वेद मार्ग पर चलने वालों की रक्षा करते है और संसार मे अपनी पवित्र कीर्ति फैलाते हैं, यही प्रभु श्री राम के अवतार लेने का कारण है, उसी के यशोगान कर जगत के भक्त भवसागर से तर जाते है, इस प्रकार कृपा के सागर परम पिता परमात्मा भक्तों के कल्याण के लिए कल्प कल्प मे अवतार लेते हैं,कार्यक्रम मे रायसिंग, आशाराम, एवनकुमार, हीरामन, भूपेंद्र, जिगयांश, विराट विश्वकर्मा, विमला, पूर्णिमा, खुशबु, भूमिका, नेमसिंग चंद्राकर, शत्रुघन यादव, देवल यादव, नसीद तेमार्य,केशव चुरेन्द्र, डोमन, हिमालय यादव, तिलक यामले सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### परसोदा में किया गया वट- सावित्री पूज का आयोजन



**बालोद।** ग्राम पुराना पारा परसोदा में पं. बसंत पाण्डेय के सानिध्य में पूर्ण विधि विधान से वट सावित्री पूजन संपन्न हुआ। जिसमें भावी सिन्हा, मनीषा पटेल, आरती यादव, वंदना मानिकपूरी, पूजा यादव, हेमलता सिन्हा, मीना मानिकपूरी, कौशिल्या सिन्हा, लक्ष्मी यादव, भागन बाई, रूपा यादव के साथ अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कला के माध्यम से आत्मनिर्भरता कोडिया में मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोडिया में बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है, ताकि वे अपने कौशल का उपयोग करके अपना जीवनयापन कर सकें।

प्रशिक्षण का उद्देश्य इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपना जीवन यापन कर सकें। प्रशिक्षण का प्रकार यह प्रशिक्षण बच्चों को मेहंदी कला सिखाता है, जो कि एक लोकप्रिय और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण कला है। इस प्रशिक्षण से लड़कियों को कौशल प्राप्त होगा और वे मेहंदी लगाकर आय अर्जित कर सकेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सरपंच ग्राम पंचायत कोड़िया और सेनानी मोर गांव के समिति के मेंबर जामिनि साहू, गीतांजलि यादव, ईशा यादव, लिलाम साहू द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो कि महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहा है। यह प्रशिक्षण लड़कियों को जीवन के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है। यह बच्चों को एक सकारात्मक और रचनात्मक मार्ग भी प्रदान करता है।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति में चयनित छात्रों को जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शास. पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदा डंग विकास खंड गुण्डरदेही से राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति के लिए अनुष्का पिता नारद, उपासना पिता भावसिंह, गुंजन पिता हेमंत, धारणा पिता अमृत, लकेश पिता माखन, नोमेंद्र पिता भूपेश का चयन होने पर नवीन यादव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, श्रद्धा ठाकुर,खेमराज साहू सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, किशोर साहू बीआरसीसी, शैलेन्द्र पांडे सीएसी द्वारा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते है। रूखमणी देवी चंद्राकर के संघर्ष प्रयास से 13बच्चे उत्तीर्ण हुए जिसमें 6बच्चे का चयन हुआ।

यह छात्रवृत्ति प्रति माह 1000रु 9वी से 12वी कक्षा तक राशि खाते में दिया जाएगा। बच्चो का चयन होने पर कुलदीप साहू मंडल अध्यक्ष, सत्यवती साहू सरपंच, हिलेश्वर, नीलांबर अध्यक्ष, पालक गणों ने प्रधान पाठक व समस्त कर्मचारी को शुभ कामनाएं दी।



# सुशासन तिहार में हो रहा है चुटकियों में हो रहा समस्याओं को निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शहर से लेकर गांव तक चल रहे आपके शहर आपके ग्राम का नारा देते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे संवाद से समाधान तक, सुशासन तिहार का सार्थक परिणाम सामने आ रहा है। लोगों की छोटी बड़ी समस्याओं का निराकरण हो रहा है। अधिकारी भी उन आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही कर संबंधित आवेदको को लिखित जानकारी भी भेज रहे हैं कि आपके आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई है। इस तरह पारदर्शिता पूर्ण सुशासन तिहार के समाधान शिविर में जहां अधिकारी मंच पर संबंधित आवेदकों के आवेदनों पर हुई कार्यवाही का विवरण पढ़कर बताते हैं तो वही उनके घरों तक विभाग के जरिए कार्यवाही की प्रतिलिपि भी भेजी जा रही है। ताकि लोगों को पता रहे उनके आवेदन पर किस तरह की विभाग कार्रवाई की गई। डौंडीलोहारा भाजपा मंडल की अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने छत्तीसगढ़ में चल रहे इस सुशासन तिहार और समाधान शिविर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जो ग्रामीण और नगर वासी छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर पिछले कई सालों से दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे।

**समाधान शिविर सरकार की जवाबदेही और जनसेवा का बना प्रतीक :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल ने कहा कि समाधान शिविर केवल एक सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की जनसामान्य के प्रति उत्तरदायित्व का जीवंत प्रमाण है।

### आम लोगों की समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यम

इसी क्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि प्रदेश में विगत डेढ़ माह से संचालित सुशासन तिहार आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण एवं उनकी मांगों को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश का हर नागरिक खुशहाल हो, उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो, उनकी विकासपरक मांगे व आवश्यकताएं पूरी हों, इसी लक्ष्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ सुशासन तिहार-2025 का वृहद आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य व बालोद जिले के साथ-साथ नगर क्षेत्रों में भी सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

### ड्रीम इलेवन में काम दिलाने के नाम पर युवक को जोड़ा रेड्डी अन्ना से, पकड़ाया

**भिलाई।** भिलाई के युवक का अपहरण कर 5 लाख की फिरौती मांगने के मामले में फरार एक अन्य आरोपी शिव उर्फ शिवेन्द्र पिता कृष्ण कुमार तिवारी उम्र 25 निवासी सेक्टर-07 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह गांधी नगर दिक्षित कॉलोनी कोसा नगर सुपेला में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में उसने खुलासा किया है कि ड्रीम इलेवन में काम दिलाने के नाम पर उसे रेड्डी अन्ना ऑनलाइन सट्टे से जोड़ा गया था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## वट सावित्री का पर्व लौह अयस्क नगरी में श्रद्धा, आस्था के साथ मनाया गया

# पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि और सोमवार का पुण्य संयोग—इस शुभ अवसर पर लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में वट सावित्री अमावस्या का पर्व अद्भुत श्रद्धा, निष्ठा और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। नगर की सुहागिन श्रद्धालु महिलाओं ने अपने पतियों की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना हेतु व्रत रखकर वट वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की। स्थानीय बीएसपी सेंट्रल टाउनशिप, स्ट्रीट नंबर 10, वार्ड क्रमांक 22 स्थित कला मंच के समीप प्राचीन वट वृक्ष के नीचे भक्ति और संस्कृति का मनोहारी दृश्य सजीव हुआ। मंगल वेशभूषा में सजी सुहागिनों ने पारंपरिक



विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा की, कच्चा सूत लपेटा और मौसमी फल, फूल, चने, मिष्ठान व सुहाग की सामग्री अर्पित की।

व्रती महिलाओं ने सती सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण कर आदर्श नारी धर्म की पुनः स्मृति की और आरती के उपरांत प्रसाद वितरण कर पुण्य साझा किया। विशेष बात यह रही कि इस बार वट सावित्री अमावस्या सोमवती अमावस्या के साथ संयोग में आई, जिससे इसका पुण्यफल और भी अधिक बढ़ गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं ने समीपस्थ पीपल वृक्ष की भी विधिपूर्वक पूजा की और फेरे लगाकर अपने परिवारजनों के लिए सुख, शांति व समृद्धि की मंगलकामना की। इस धार्मिक आयोजन में श्रीमती ममता शर्मा, राधा मिश्रा, सीमा राजोरिया, लता कुलदीप, माण्डवी मिश्रा, प्रमिला नायक, शारदा देवांगन, लीला राव, लीना देवांगन, शशि राजपूत, सोनाली राजपूत, श्रीमती द्विवेदी, गुड्डी गुप्ता, बबली शर्मा, नीतू पाण्डेय, सुशीला कुलदीप सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे सम्मिलित हुए। इस आयोजन ने न केवल सनातन संस्कृति की महत्ता को पुनः प्रतिष्ठित किया, बल्कि आज के युग में भी पारिवारिक मूल्यों, स्त्री-शक्ति और श्रद्धा के सामूहिक स्वरूप को एक बार फिर जीवंत कर दिया। वट सावित्री का यह पावन पर्व नारी शक्ति की आस्था, प्रेम और अटूट समर्पण का जीवंत प्रतीक बन गया- जिसे दल्लीराजहरा की धरती ने आज पूरी गरिमा और भक्ति के साथ साक्षी बनाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411